फर्द अहकाम

कार्यालय सहायक कलक्टर (उपखण्ड अधिकारी) नाथद्वारा, जिला राजसमन्द (राज.)

प्रार्थी :– पटवारी, पटवार मण्डल कियावास **विपक्षी** :– तहसीलदार नाथद्वारा

किस्म मुकदमा :–प्रार्थना पत्र **पत्रावली संख्या** :–19/2020 प्रा.पत्र

दिनांक	कार्यवाहिक विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
20.02.20	तहसीलदार नाथद्वारा से प्राप्त पटवारी, पटवार मण्डल कियावास का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 जिसमें राजस्व ग्राम चालिया तहसील नाथद्वारा की जमाबन्दी सम्वत 2074–77 के खाता संख्या 16 में सभी खातेदारो के हिस्से का योग 3/4 ही आ रहा है। ग्राम चालिया की भू–प्रबन्ध (सेटलमेन्ट) की जमाबन्दी संवत् 2031 मे भी सभी खातेदारो का हिस्सा 3/4 ही है। इस प्रकार 1/4 हिस्सा सेटलमेन्ट से ही कम है। ग्राम चालिया के सेटलमेन्ट जमाबन्दी का मिलान ग्राम चालिया के सेटलमेन्ट विभाग के खसरा पत्रक संवत् 2025 एवं भू–प्रबन्ध विभाग के फर्द इख्तलाफ खसरा, खसरा परिशोधन पत्र की क्रम सं. 17 से करने पर पाया कि खातेदार मे भेरा पिता धना 1/4 गुजर सा. देह की प्रविष्टि वर्तमान सेटलमेन्ट जमाबन्दी मे दर्ज नही है। अतः वर्तमान जमाबन्दी ग्राम चालिया संवत् 2074–77 के खाता सं. 16 मे वर्तमान खातेदारो के साथ भेरा पिता धन्ना 1/4 गुजर सा. देह जोडा जाने हेतु निवेदन किया गया है तथा पटवारी हल्का कियावास व तहसीलदार नाथद्वारा की रिपोर्ट द्वारा शुद्धि की अनुशंषा की गई है। प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजो के अवलोकन एवं पटवारी हल्का कियावास व तहसीलदार नाथद्वारा की अनुशंषा रिपोर्ट के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः आदेश सुनाया जाता है। **आदेश** (राजस्व (ग्रुप–6) विभाग राजस्थान जयपुर के परिपत्र कमांकः– 4(1)राज–6/2002/19 दिनांक 18.6.2007 के तहत) प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दस्तावेज तथा इस बाबत् हल्का पटवारी की रिपोर्ट व तहसीलदार/ सहमति के आधार पर राजस्व चालिया की जमाबन्दी सम्वत् 2074–77 के खाता संख्या 16 में वर्तमान खातेदारो के साथ **भेरा पिता धन्ना 1/4 गुजर सा. देह** अंकित करने की स्वीकृति दी जाती है। तद्नुसार राजस्व अभिलेख में अमलदरामद हेतु प्रति हल्का पटवार कियावास को मार्फत तहसीलदार नाथद्वारा भेजी जावें। पत्रावली शुमार फैसल होकर दाखिल दफ्तर हो। **उपखण्ड अधिकारी** **नाथद्वारा जिला राजसमन्द**	

Signature Not Verified
Digitally signed by Abhishek Goyal
Date: 2020.03.03 15:43:53 IST
Reason: SelfAttested